**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><><>

- परीक्षा पे चर्चा की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया। आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु ने सीखने को मनोरंजक बनाने के बारे में जानकारी साझा की।
- अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपों में भविष्य की विकासीय परियोजनाओं के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष कर संग्रह अभियान का आयोजन।
- उत्तराखंड में अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का भव्य समापन हुआ। गृह मंत्री अमित शाह ने उनतालीसवें राष्ट्रीय खेल मेघालय में आयोजित करने की घोषणा की।

<><><><><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा की पांचवी कड़ी में विद्यार्थियों को मस्तिष्क के चमत्कार के बारे में बताया गया है। प्रसिद्ध आध्यात्मिक नेता सद्‌गुरु ने सीखने को मनोरंजक बनाने और संतुलित, जीवंत मस्तिष्क विकसित करने के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा के बारे में नहीं है। सद्‌गुरु ने विद्यार्थियों से अपनी बुद्धि को गतिशील रखने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता से ही नहीं बल्कि आंतरिक विकास से भी वास्तविक प्रगति आती है।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने द्वीपों के उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी, और दिल्ली के उप–राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। द्वीपसमूह में भविष्य की विकासीय परियोजनाओं के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और शहरी नियोजन तथा वास्तुकला उत्कृष्टता के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया, जिससे 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायता मिलेगी। उप–राज्यपाल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को सलाहकार और ज्ञान भागीदार के रूप में शामिल करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए दिल्ली के उप–राज्यपाल का आभार व्यक्त किया, जिसमें डीडीए ने पहले ही स्वराज द्वीप जेट्टी परियोजना के पुनर्विकास के लिए एक डीपीआर तैयार कर लिया है। एडमिरल डी के जोशी ने भी उपस्थित लोगों को द्वीप विकास एजेंसी के तत्वावधान में किए जा रहे पर्यटन, आतिथ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><><><><>

डिगलीपुर में दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कल नेताजी और उज्ज्वल ग्राम संगठन कार्यालयों का उद्‌घाटन किया गया। स्वयं सहायता समूह नेटवर्क को मजबूत करने और सतत आजीविका के अवसरों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ब्लॉक विकास अधिकारी एम राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि थे, जबकि नवग्राम के पंचायत समिति सदस्य भरत चौधरी बिश्वास सम्माननीय अतिथि थे। इन कार्यालयों की स्थापना से स्वयं सहायता समूहों को बैठकें आयोजित करने, गतिविधियों की योजना बनाने और मिशन से सहायता प्राप्त करने के लिए एक स्थान मिलेगा, जिससे डिगलीपुर ब्लॉक में समुदाय द्वारा संचालित विकास पहल को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष कर संग्रह अभियान चला रही है। इसके तहत आज डिगनाबाद के वार्ड नंबर चार और अटलांटा प्वाइंट के वार्ड नंबर पांच में विशेष कर संग्रह अभियान आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए अपने नगरपालिका करों का भुगतान करना आसान बनाना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना था। अभियान के परिणामस्वरूप नगरपालिका परिषद को सत्रह लाख तिरपन हजार नौ सौ बारह रूपये का कर संग्रह प्राप्त हुआ।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में चालू वित्त वर्ष में वैट संग्रह में छप्पन दशमलव आठ तीन लाख रुपये की वृद्धि दर्ज की गई। वैट आयुक्तालय, की ओर से कर चोरी से निपटने और वैट विनियमन का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, मूल्य वर्धित कर आंकलन किए गए। दो हजार सत्रह–अट्‌ठारह से दो हजार बीस–इक्कीस की अवधि के आंकलन के दौरान, कई कर कमियों और उल्लंघनों की पहचान की गई, जिस पर ब्याज और जुर्माना लगाया गया। अब तक, विभाग ने छप्पन लाख तिरासी हजार एक सौ छः रुपये की अतिरिक्त राजस्व राशि एकत्र की है।

<><><><><><><><><><>

उत्तराखंड में कल अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों का समापन हुआ। समापन समारोह में गृह मंत्री अमित शाह ने 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसी पहलों की सफलता पर बल देते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों ने भारत में खेल संस्कृति को मजबूत किया है।

गृह मंत्री ने घोषणा की कि उनतालीसवें राष्ट्रीय खेल मेघालय में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि इसमें छह पूर्वोत्तर राज्य शामिल होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि उत्तराखंड ने अब खुद को "खेलों की भूमि" के रूप में स्थापित कर लिया है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय खेल दो हजार छत्तीस ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत की बोली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के खिलाड़ियों ने भी अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया। उन्होंने पांच स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। खेलों में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड ने अड़सठ स्वर्ण, छब्बीस रजत और सत्ताईस कांस्य पदक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, महाराष्ट्र दूसरे और हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा।

**<><><><><><><>**

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूलों में बालिकाओं के लिए नामांकन अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माता–पिता को अपनी बेटियों को स्कूल भेजने के लिए प्रोत्साहित करना और यह सुनिश्चित करना था कि प्रत्येक बालिका को वह शिक्षा मिले, जिसकी वह हकदार है। इसके अलावा ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना था, जहां सामाजिक और आर्थिक स्थिति के कारण वह शिक्षा हासिल नहीं कर पाती हैं। आई सी डी एस शहरी परियोजना की बाल विकास परियोजना अधिकारी जरीना बीबी ने लड़कियों को स्कूल भेजने के महत्व और उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के लाभों पर प्रकाश डाला।

**<><><><><><><>**

डिगलीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता–सह–मल्टीस्पेशलिटी आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी सिंह, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा मिस्त्री द्वारा कुष्ठ रोग और कृमि संक्रमण पर जानकारी दी गई। दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीक्षा, ने मौखिक स्वास्थ्य देखभाल और मौखिक कैंसर के कारणों, और लक्षणों के बारे में जानकारी दी। शिविर में जरूरतमंद रोगियों को एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाईयां दी गईं। योग प्रशिक्षक शमशेर सिंह ने विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहने के लिए योग का प्रदर्शन भी किया।

**<><><><><><><>**